WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक

# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 14 मेरठ, मंगलवार 27 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




## पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर तेल कारोबारी से 15 लाख की लूट

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिले में बदमाशों के हौसले कितने बुलंद है यह इसी बात से पता चलता है कि बदमाशों ने पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर तेल कारोबारी से 15 लाख की रकम लूट ली। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तेल कारोबारी के मुताबिक दो बाइकों पर चार बदमाश सवार ने और उनके हाथ में तमंचे और पिस्टल थे। घटना थाना भावनपुर की हसनपुर चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई । दिन दहाड़े लूट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मेडिकल की तरफ भाग निकले। तेल कारोबारी कस्बों के दुकानदारों से तेल और घी की बकाया धनराशि लेकर वापस लौट रहा था। घटना के बाद चौकी पर पहुंचकर मामले की जानकारी दी। एसएसपी और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। आसपास के सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। टीपीनगर के महावीरजी नगर में अमित अग्रवाल परिवार के साथ रहते हैं। नवीन मंडी स्थल पर उनकी तेल और घी को खरीदने और बेचने की दुकान हैं। अमित अग्रवाल का मेरठ ही नहीं आसपास के जनपदों तक तेल और घी का कारोबार फैला हुआ है। सुबह अमित अग्रवाल अपने एकाउंटेंट जितेंद्र कुमार के साथ कार से देहात के दुकानदारों से बकाया धनराशि लेने के लिए निकले थे। सबसे पहले उन्होंने शाहजहांपुर फिर किठौर, हसनपुर और सिसौली के दुकानदारों से 15 लाख रुपये का कलेक्शन किया। उसके बाद हसनपुर चौकी से दो सौ गज की दूरी पर छोटा हसनपुर में भारत किराना स्टोर से रुपये लेने के लिए रूके। अमित अग्रवाल कार की ड्राइविंग सीट पर बैठे हुए थे। कार की खिड़की खोलकर एकाउंटेंट जितेंद्र, भारत किराना स्टोर के स्वामी मेहराज के पास गया था। इसी बीच दो बाइक पर सवार चार बदमाश कार के दोनों तरफ से आए। ड्राइविंग सीट की तरफ से खिड़की लश्वक थी। उसके बाद दूसरी साइड वाली खिड़की खुली हुई थी। तभी दो बदमाश अंदर कार में घुस गए। उन्होंने अमित अग्रवाल की कनपटी पर पिस्टल लगा दी और 15 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। बदमाश लूट की रकम अपने साथ ले गए। बदमाशों ने जाते समय अमित अग्रवाल को जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों के जाने के बाद अमित अग्रवाल ने शोर मचाया। उसके बाद एकाउंटेंट जितेंद्र और आसपास के दुकानदारों ने कार को घेर लिया। लूट की सूचना के बाद कारोबारी के साथ लोगों की भीड़ चौकी हसनपुर पर पहुंची। उसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश में कांबिंग के आदेश दिए। कारोबारी से लूट की घटना के बाद जिले के तमाम आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। वहीं एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने कहा कि लूट की घटना के खुलासे के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। सभी टीमों को अलग अलग काम दिया है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। साथ ही बदमाशों की बाइक का नंबर भी जुटाया जा रहा है। जल्द ही पुलिस बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट की रकम बरामद कर लेगी।

## अनुबंधित रोडवेज बस के परिचालक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के पल्लवपुरम थानाक्षेत्र के गांव रोशनपुर डोरली में रोडवेज बस के परिचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी लगने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मूल रूप से जालौन का रहने वाला परिचालक गांव में किराए के मकान पर रह रहा था। जहां उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को सूचित कर दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मेरठ के पल्लवपुरम थाना क्षेत्र के गांव रोशनपुर डोरली में जालौन निवासी बृजेश ईश्वर के मकान पर किराए पर रह रहा था। वह मेरठ रोडवेज बस अड्डे पर बनुबंधित बस का परिचालक था। बताया गया कि सोमवार सुबह मकान अंदर से बंद था। वहीं अंदर परिचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी लगने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और मोर्चरी भिजवाया।ह्लबताया गया कि मृतक का परिवार जालौन में रहता है और पत्नी अध्यापिका है। वहीं बृजेशह्लपांच साल से गांव रोशनपुर डौरली में रह रहा था। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं लग सका है।

## बदमाश नोटो से भरा थैला छीनकर फरार



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के थाना भावनपुर मऊ खास चौकी के नजदीक मेरठ के नई मंडी व्यापारी वी राम एंड संस के मालिक अमित अग्रवाल अपने मुनीम जितेंद्र के साथ भावनपुर मऊ खास स्थित छोटा हसनपुर मेराज की दुकान भारत प्रोविजन स्टोर पर तगादा लेने गए थे तभी मोटरसाइकिल पर दो लोगों ने आकर व्यापारी को कट्टा दिखाकर 18 लाख का नोटों से भरा थैला छीन कर भाग निकले संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता महामंत्री, संजय जैन के निर्देश पर संयुक्त व्यापार संघ निर्वाचित उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, मंत्री मीडिया प्रभारी अमित बंसल, गौरव परिधान, राकेश गुप्ता लोहिया, संजीव जिंदल, परविंदर त्यागी, सुमित ग्रोवर, अपार मेहरा आदि ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित से ली लूट की जानकारी तभी मौके पर एसएसपी प्रभाकर चौधरी, एसपी क्राइम, एसपी देहात भी मौके पर पहुंचे उन्होंने भी व्यापारियों से लूट की जानकारी ली संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने एसपी क्राइम से फोन पर बातचीत कर जल्द से जल्द लूट का खुलासा करने को कहा कल संयुक्त व्यापार संघ का प्रतिनिधिमंडल एसएसपी प्रभाकर चौधरी से लूट के संबंध में मुलाकात करेगा

## भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है कारगिल विजय दिवसः प्रो0 बीरपाल सिंह




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कारगिल की जंग में भारत को मिली सफलता को 22 साल हो गए हैं। भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक कारगिल विजय दिवस के रूप में हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। साल 1999 में कारगिल युद्ध में देश के वीर-जवानों ने पाकिस्तान को धूल चटा दी थी। कारगिल विजय दिवस के मौके पर देशवासी अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा करने वाले वीर जवानों को याद करते हैं और उन्हें श्रद्धाजंलि देते है। कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अपने अदम्य शौर्य और वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान के करीब 3 हजार सैनिकों को मार गिराया था। यह युद्ध 18 हजार फीट की ऊंचाई पर लड़ा गया था। यह बात आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव की श्रंख्ला में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय व भारतीय प्रज्ञान प्रवाह प्रज्ञा प्रवाह मेरठ प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो0 बीरपाल सिंह ने कही। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो0 वाई विमला ने कहा कि इस युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों को कई बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तानी सैनिक ऊंची पहाड़ियों पर थे और हमारे वीर-जवानों को रात भर में चढ़ाई कर पहुंचना था। यह युद्ध 60 दिनों तक चला था और आखिर में पाकिस्तान को मुंह के बल गिरना पड़ा था। वीर जवानों कारण ही आज हम चौन की नींद ले पाते हैं। उनको जितनी बार नमन किया जाए उतना कम है। इस दौरान कार्यक्रम की संयोजक प्रो0 आराधना गुप्ता, सह संयोजक डॉ0 अलका तिवारी , कुलसचिव धीरेंद्र वर्मा प्रो0 नवीन चंद्र लोहानी, प्रो0 जयमाला, प्रो0 बिंदु शर्मा, डॉ0 जमाल अहमद सिददकी, डॉ0 पूणिमा वशिष्ठ, डॉ0 शालिनी, प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।









# समाजवादी दलित सेना के तत्वाधान में राज्यपाल के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** मेरठ–समाजवादी दलित सेना के तत्वावधान में राज्यपाल को जिला अधिकारी मेरठ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से मंहगाई पेट्रोल डीजल व गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ व आये दिन दलितों पर अत्याचार की घटनाओं के खिलाफ, किसान विरोधी बिल वापस लो, व लखनऊ विधानसभा पर छात्रों पर हुई लाठीचार्ज के खिलाफ राज्यपाल को जिला अधिकारी मेरठ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से विनोद जाटव संस्थापक समाजवादी दलित सेना राष्ट्रीय विधि सलाहकार सेवा राम केन एडवोकेट, राष्ट्रीय महासचिव शैलेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सी एस निमेश, एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा मिथिलेश देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# मेरठ सिवाया टोल प्लाजा पर चल रहे धरने पर केन्द्र सरकार की बुद्धि– शुद्धि के लिए किया यज्ञ



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** सिवाया टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन मेरठ के द्वारा संयुक्त हवन का आयोजन किया गया जिसमे सिवाया टोल के धरने को दो माह पूर्ण होने पर केन्द्र सरकार की बुद्धि– शुद्धि के लिए यज्ञ किया गया व कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध मे शहीद हुए जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी । भाकियू नेता बाबा विजयपाल घोपला ने बताया कि मेरठ धरने को दो व गाजीपुर बॉर्डर धरने को आठ माह पूर्ण हो चुके है 600 से अधिक आंदोलनरत किसान शहीद हो चुके है और ये भाजपा की तानाशाह सरकार देश के किसानो की आवाज नही सुन रही है । सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, अब देश का किसान एकजुट होकर इस सरकार को जनमत के दंभ पर 2022 में उत्तर प्रदेश से व 2024 मे दिल्ली से उखाड़ फैंकेगा । आज के दिन हमारी सेना ने पाकिस्तान को खदेड़कर कारगिल हिल्स पर हमारे देश के सम्मान, हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को पुनर्स्थापित कर फहराया था। इस युद्ध मे सैकड़ो किसानो के लाल शहीद हुए थे, जिनकी भरपाई के लिए देश के किसान लगातार अपने अनमोल पुत्रो को देश की रक्षा के तैयार कर सेना मे भेजने का कार्य कर रहे हैं और विश्व की सबसे मजबूत सेना का खिताब भारत के नाम पर बनाये रखने मे अपना योगदान दे रहे हैं । आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से मदन घोपला, सुभाष घोपला, मनोज त्यागी, विनीत सांगवान, बबलू जाटोली, सुशील कुमार पटेल, मोनू छुर, मिंटू दौराला, गौरव इलम सिंह, उज्जवल सरूरपुर, तेजपाल शादीपुर, लव भराला, निक्की छुर, चंद्रवीर भलसोना, हर्ष भराला, प्रशांत ध ानकड़, निशान धनखड़, गोलू, गौरव तेवतिया, अंकित डांगी, आदि मौजूद रहे।

# लोगों को कोविड नियमों के प्रति किया जागरूक



**विपुल जैन**

**बागपत।** स्वास्थ्य विभाग व कोर एडरा इंडिया के तत्वाधान से ग्राम शाहजहांपुर में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर कोर एडरा के ब्लॉक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार ने बताया की कोरोना की बीमारी से बचाव के लिए हमें दो गज की दूरी बनाकर रखना, घर से बाहर निकलते समय मास्क लगाना व साबुन से दिन में कई–कई बार हाथ धोने जैसे कोविड नियम अपनाने चाहिए। इसके अलावा कहीं पर भी खुले में नहीं थूकना चाहिए। साथ ही पुख्ता जानकारी ही सोशल मीडिया पर शेयर करनी चाहिए। कहा कि सभी लोग अपने परिवार का टीकाकरण जरूर कराये। नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को 11 जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए टीके लगवाये। अध्यक्षता ग्राम प्रधान घसीटा ने की। बैठक में खलील, इस्तियाक, मौलाना अब्दुल वहीद, मौलाना अब्दुल खालिद, इरशाद, आबिद, लियाकत, इस्लामुद्दीन, साबुद्दीन अब्बास, साकिर, हिना, आशीष मलिक, महेंद्र आदि थे।

# चौरी–चौरा शताब्दी महोत्सव एवं आजादी का अमृत महोत्सव वार्षिक उत्सव के अन्तर्गत कारगिल विजय दिवस



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** आपरेशन विजय करगिल युद्ध की 22 वी वषर्गांठ पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कायार्लय के सम्मुख स्थित अलं त सैनिक वाटिका मे कैप्टन द्धभारतीय नौसेनाऋराकेश शुक्ला,जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, अधिकारी व समस्त भ्स्टाफ द्वारा अमर शहीद सैनिको जिन्होने कारगिल युद्ध मे विजय प्राप्त कर इतिहास के पन्नो मे स्वर्ण अक्षरो मे नाम दर्ज कराया,को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कैप्टन भारतीय नौसेना राकेश शुक्ला ने कहा कि मातृ भूमि की रक्षा मे अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रान्ति धरा के वीर सपूतो की गाथा भी शामिल है। इस अवसर पर राष्ट्रपति पदक से अलं त सरबजीत सिंह कपूर ने कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांज ी देते हुए कहा कि कारगिल युद्ध मे सैनिको ने दुश्मनो से लोहा लेते हुए पीछे घकेल कर अपनी जान की बाजी लगाकर दुश्मनो को उखाड दिया तथा हमारे सैनिको ने कारगिल टाइगर हिल की चोटी पर आज के दिन तिरंगा फहराए था ।कारगिल युद्ध 1999 एक एतिहासिक युद्ध था। जिसमे भारतीय सेना के 527 जवान शहीद हुए ओर 1363 अन्य घकहुए इस युद्ध की सभी परिस्थितियाँ भारतीय सेना के प्रतिकूल थी। दुश्मन अति दुर्गम ऊंची पहाडियो पर पक्के बंकरो मे मोर्चा बन्दी कर के बैठा था फिर भी भारतीय सेना के वीर जवानो ने दुर्गम पहाडी रास्तों को पार करके कठिनाईयो को मात देने हुए दुश्मनो के छक्के छुड़ा दिये,उन्हे उनके सुरक्षित बंकरो से मार भगाया ओर उन्हे मोर्चा छोड़कर भागने पर मजबूर कर दिया। यह एक अभूतपूर्व विजय थी जोकि भारत के लिए गौरवशाली विजय। है। जो अमुल्य घरोहर आजादी हमारे पूर्वजो ने देश को दी,उसकी रक्षा करने वाले शहीद सैनिक सदैव अमर,रहेगें उन्हे शत:शत: नमन विजय दिवस कार्यक्रम मे पुष्पांजलि अर्पित करने वालो वरिष्ठ लिपिक ,संजय कुमार गिरि,मनीष कुमार, साहबुददीन खॉ, स्वतन्त्रता सैनानी परिवार से के पी सिंह ने भाग लिया।

# प्राचीन सिद्ध पीठ सरस्वती मंदिर में सावन के प्रथम सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** मेरठ नगर निगम वार्ड 58 के पार्षद अंशुल गुप्ता द्वारा सूरज कुंड रोड स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ सरस्वती मंदिर में सावन के प्रथम सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा प्रसाद ग्रहण किया पार्षद अंशुल गुप्ता ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को भोजन कराया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अलावा मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ कैंट विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल और वैश्य समाज महिला उत्तर प्रदेश की जिला अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल अपने पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहीं

# शोभित विश्वविद्यालय ने की 1001 रुद्राक्ष के पौधे लगाने की शुरुआत




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय द्वारा श्रावण मास के पहले सोमवार के दिन विश्वविद्यालय प्रांगण में रुद्राक्ष के 1001 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। जिसकी शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण संरक्षण के राष्ट्रीय संयोजक श्री गोपाल आर्य एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा विश्वविद्यालय प्रांगण में रुद्राक्ष के पौधों का वृक्षारोपण कर की गई।

श्री गोपाल आर्य ने पर्यावरण संरक्षण पर बोलते हुए कहा कि डब्ल्यूएचओ के अनुसार विश्व में प्रत्येक व्यक्ति के हिस्से में 422 पौधे लगाने का एवरेज आता है। अगर भारत की बात की जाए यहां पर प्रत्येक व्यक्ति 28 पौधे लगाने के लिए आते है। अगर हमें अपनी प्र ति व आने वाले कल को बेहतर बनाना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए हमें हर घर को "हरित घर" बनाना होगा। जिसके लिए हमें जल संरक्षण, वन संरक्षण, जीव संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण और भूमि संरक्षण करने की आवश्यकता है। उन्होंने रीसाइकिल पेपर का इस्तेमाल करने पर जोर दिया।

आर्य जी ने बताया की पर्यावरण संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 70 विश्वविद्यालयों में नोडल ऑफिसर नियुक्त कर रहे हैं। जिनका उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराना होगा। इसके अलावा उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगर हमें अपने पर्यावरण को सही रखना है तो उसके लिए हमें अपना नजरिया बदलना होगा और अपने अंदर प्रा तिक संपदा को संरक्षित करने के लिए सहानुभूति लानी होगी और प्लास्टिक को पूर्ण तह प्रतिबंधित करना होगा।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा की जो कोई भी चीज समाज के लिए महत्वपूर्ण है हम सबको मिलकर उसे संवारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया गया यह अभियान कोशिश करने का अभियान है। यह केवल शोभित विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे शिक्षकों एवं कर्मचारी गणों को कहा कि वह जिस विद्यालय से पढ़ कर आए हैं वह वहां पर जाकर रुद्राक्ष के पौधे लगाएं। जिससे यह अभियान जन अभियान बन सके। खास तौर पर उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा लगाए जा रहे एक हजार एक रुद्राक्ष के पौधे नर्सरी से नहीं लाए गए हैं उन्हें विश्वविद्यालय में ही तैयार किया गया है। शोभित विश्वविद्यालय 2009 से रुद्राक्ष पर अनुसंधान कर रहा है। जिसके चलते बहुत सारी चौंकाने वाले तथ्य सामने आए है। कार्यक्रम के अंत में कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा मुख्य अतिथि श्री गोपाल आर्य जी को शाल व रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एपी गर्ग, पर्यावरण संरक्षण मेरठ के संयोजक राम अवतार जी,कुलसचिव मित्रानंद बहुगुणा, निदेशक कॉर्पोरेट रिलेशन देवेंद्र नारायण, मीडिया प्रभारी डॉ अभिषेक डबास, सभी विभागों के डीन, शिक्षक एवं विश्व विद्यालय के छात्र एवं सभी कर्मचारी गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल ऑफ एजुकेशन की हेड डॉ सुरक्षा बंसल द्वारा किया गया।

# नासिर सैफी ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद तारिक से मुलाकात की



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** भाजपा फूलबाग मंडल के मीडिया प्रभारी नासिर सैफी ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद तारिक से मुलाकात की। नासिर सैफी ने केंद्र सरकार एंव प्रदेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लिये चलायी जा रही विभिन्ध्न योजनाओं पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा योजनाओं का लाभ आखिरी पंक्ति मे बैठे हुए व्यक्ति तक पहुँचे , जिससे अल्पसंख्यक गरीब वर्ग के लोगों का उत्थान हो सकें। इस दौरान आसिफ सैफी भी मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के पराक्रम से थरथर कांप गया था पाकिस्तान: जीओसी पश्चिमी यूपी सब एरिया मेरठ ए.के.गुप्ता





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देशभक्ति के जनून से लबरेज सुभारती विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ पर्व के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मांगल्या प्रेक्षागृह में मेजर जनरल जी.ओ.सी. पश्चिमी यूपी सब एरिया मेरठ ए.के.गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि विंग कमांडर प्रफुल्ल बक्शी, कर्नल एस.सी. त्यागी, नौसेना के कैप्टन राकेश शुक्ला, कर्नल राजेश अधाऊ, कर्नल राजेश त्यागी, कर्नल कपिल कत्याल के साथ सुभारती विश्वविद्यालय की कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड, संस्थापक डा.अतुल ष्ण, कुलपति ब्रिगेडियर डा.वी.पी. सिंह, सीईओ डा.शल्या राज एवं कर्नल डा.एन.के आहूजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन करते हुए कार्यक्रम का गर्मजोशी के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर फाईन आर्ट के विद्यार्थियों ने सुभारती गान प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण को सम्बोधित करते हुए सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर डा. वी.पी. सिंह ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय को प्राप्त करने में शहीद हुए भारत माता के 527 वीर जवानों की याद को अमिट बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में तीन एकड़ भूमि के अन्दर ''कारगिल शहीद स्मृति उपवन'' की स्थापना की गई है। उन्हांने कहा कि सभी देशवासियों का कर्तव्य है, कि वह शहीद सैनिक के परिजनों को सम्मान दे और उनकी सहायता करें। उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने जिस प्रकार कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को चारों खाने चित करके विजय ध्वज फहराया था इसी भावना का सम्मान करते हुए आज सुभारती विश्वविद्यालय शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित कर रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल जी.ओ.सी. पश्चिमी यूपी सब एरिया मेरठ ए.के. गुप्ता ने अपने सम्बोधन में सभी को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के हौसलें आसमां की बुलंदियों से ऊंचे हैं और हर सैनिक भारत माता की दुशमनों से रक्षा करने हेतु तत्पर है। उन्हांने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के नाम 527 पेड़ लगाकर शहीद स्मृति उपवन की स्थापना पर हर्ष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आज सुभारती विश्वविद्यालय ने बहुत ही गौरवशाली कार्य किया है और शहीद स्मृति उपवन में कारगिल युद्ध में शहीद हुए 527 जवानों की याद अमर हो गई है। इस दौरान मेजर जनरल जी.ओ.सी. पश्चिमी यूपी सब एरिया मेरठ ए.के. गुप्ता, कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड, संस्थापक डा. अतुल ष्ण, कुलपति ब्रिगेडियर डा.वी.पी. सिंह, सीईओ डा. शल्या राज, कर्नल डा.एन.के आहूजा द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीद यशवीर सिंह, शहीद जुबैर अहमद, शहीद सतपाल सिंह, शहीद योगेन्द्र सिंह, शहीद मनोज तलवार, शहीद सतीश कुमार के परिजनों को पगडी पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया। सेना मैडल कर्नल राजेश अधाऊ ने कारगिल युद्ध के दौरान घायल जवानों के उपचार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि युद्ध में बरसती गोलियों के बीच वह डट कर अपने जवानों को चिकित्सीय सेवाएं प्रदान करते रहे इस दौरान वह कई बार दुशमनों की फायरिंग के बीच घिरे भी लेकिन उन्होंने साहस करते हुए अपने घायल जवानों का उपचार किया। यह उल्लेखनीय है कि ऐसा बहुत कम होता है कि किसी सहायक ईकाई जैसे कि मेडिकल, इंजीनियरिंग के किसी सिपाही को सेना मेडल से नवाजा गया हो परन्तु कर्नल राजेश उन गिने चुने लोगों में हैं जिन्हें मेडिकल कोर का होने के बाद भी सेना मेडल से नवाजा गया।

## सपा युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी का हुआ भव्य स्वागत



**विपुल जैन**

**बागपत।** सपा युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी सोमवार को बागपत पहुंचे। उनका यहां पर सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अंकुर यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। अरविंद गिरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें वर्ष 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी जी जान के साथ जुट जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सपा की उपलब्धियों व कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें, ताकि विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाया जा सके। उधर, सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अंकुर यादव ने उन्हें पूरी मेहनत करने का भरोसा दिलाया। कहा कि वह समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यो को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की सरकार से ऊब चुकी है और उन्हें सपा का शासन याद आने लगा है। कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार अल्प समय की मेहमान है। उसके बाद उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा और अखिलेश यादव दूसरी बार मुख्यमंत्री की गद्दी पर आसीन होंगे।

## आवाज फाउंडेशन मेरठ की समस्त टीम ने शहीद मेजर मनोज तलवार की प्रतिमा पर किया नमन एवं माल्यार्पण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कारगिल विजय दिवस पर आवाज फाउंडेशन मेरठ की समस्त टीम ने शहीद मेजर मनोज तलवार की प्रतिमा पर नमन एवं माल्यार्पण किया। उसके उपरांत कारगिल युद्ध में शहीद हुए मेरठ के जांबाज मेजर तरुण नैयर के माल रोड स्थित शिलापट पर नमन करा एवं उनके निवास पर उनकी माता जी एवं उनके भाई एवं अन्य लोगों के साथ उनकी चित्र को नमन कर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिसमें प्रमुख रुप से संस्था की सचिव सीमा शर्मा, अध्यक्षा लक्ष्मी शर्मा, कोअश्वर्डिनेटर राज शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष मोहित भट्टआरा, महासचिव एडवोकेट मोहित शर्मा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन सेवा समिति की सभी इकाइयों की कार्यकारिणी भंग की गयी




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** महाराजा अग्रसेन सेवा समिति उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मुजफ्फरनगर में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश की सभी जनपदों, शहरों व नगरों की कार्यकारिणी भंग करके पुन: गठित की जाये । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डा राजीव गुप्ता ने कहा कि पुनर्गठन से नवयुवको को भी मोका मिलेगा और जो निष्क्रिय है उनको पदाधिकारी की जिम्मेदारी नही दी जायेगी साथ ही जो अच्छा कार्य कर रहे हैं उनको पदोन्नत किया जायेगा । इस अवसर पर समिति संस्थापक अमित अग्रवाल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य सभी को जोड़ना है इसलिए समय के अनुसार नवीनीकरण करना जरूरी है। समिति महामंत्री अमित माहेश्वरी ने कहा कि जब तक सभी इकाइयों का पुन: गठन नहीं हो जाता पूर्व के पदाधिकारी उस पद पर कार्यरत रहेंगे समिति प्रदेश मन्त्री सचिन गुप्ता ने कहा अगस्त माह में सभी ईकाई गठित कर ली जायेगी । बैठक की अध्यक्षता समिति प्रदेश संरक्षक अरूण बंसल और संचालन सध्जीव तायल ने किया । इस अवसर पर गौरव माहेश्वरी अमित मित्तल, संजीव तायल, शिवम् तायल आदि उपस्थित रहे।

## एनवायरमेंट क्लब ने कारगिल विजय दिवसष के अवसर पर शहीदों की स्मृति में पौधारोपण किया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** एनवायरमेंट क्लब की ओर से ष्कारगिल विजय दिवसष के अवसर पर पत्रकारिता विभाग, चौ चरण सिंह विवि में शहीदों की स्मृति में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर क्लब संस्थापक सावन कन्नौजिया ने विभागाध्यक्ष व शिक्षिकाओं और अपने मित्रों के साथ मिलकर शरीफा, अमरूद और सहजन के पेड़ रोपे। विभागाध्यक्ष डॉ मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के 22 वर्ष पूर्ण होने पर यह पौधरोपण किया गया है और जिन शूरवीरों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ा था उनकी स्मृति में यहां आज पेड़ लगाए गए हैं। क्लब की ओर से अपने अभियान श्चलो मिलकर एक पौधा रोपेंश के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया और आगे भी इसी प्रकार पेड़ लगाए जाएंगे। इस अवसर पर आज मुख्य रूप से डश्व मनोज श्रीवास्तव, सावन कन्नौजिया, राकेश, सागर राठी, ज्योति, उपेश, आलोक आदि उपस्थित रहे।

## शाखा प्रबंधक को किया सम्मानित



**मेरठ दर्पण-बिनौली।** रंछाड़ गांव स्थित कैनरा बैंक परिसर में सोमवार को हुए कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक संजीव तोमर को गणमान्य ग्रामीणों ने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं मुहैया कराने के लिए फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान उन्हें शाल व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अंतुरत चौधरी, एसआई ओमवीर सिंह, समरपाल प्रधान, अवध बिहारी, पुष्पेंद्र तोमर, रविंद्र हट्टी, शिवकुमार, करण सिंह, बलबीर सिंह, विनोद तोमर, विरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# हिंदू महासंघ के संरक्षक व प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कारगिल विजय दिवस पर किया शहीदों को किया नमन




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** कारगिल विजय दिवस पर मालवीय चौक स्थित शहीद बचन सिंह की मूर्ति पर आज हिंदू महासंघ के संरक्षक मनीष चौधरी ने अपनी टीम के साथ मिलकर माल्यार्पण किया और सभी शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी व हिंदू महासंघ के संरक्षक मनीष चौधरी ने अपनी टीम के साथ मिलकर शहीद बचनसिंह की मूर्ति पर आज 22वें कारगिल विजय दिवस पर पुष्प चक्र चढ़ाकर कारगिल में शहीद हुए सैनिकों को याद किया। हिंदू महासंघ के सभी घटकों ने इस अवसर पर शहीद बचन सिंह सहित कारगिल युद्ध में शहीद होने वाले सभी जवानों की शहीदों की शहादत को सलाम किया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बोलते हुए मनीष चौधरी ने कहा कि आज से 22 वर्ष पहले 26 जुलाई 1999 को पाकिस्तान को हराकर भारत के शेरों ने जीत हासिल की थी और कारगिल की चोटियों से दुश्मनों को मार भगाया था। भारत माता के वीर योद्धा देश की रक्षा के लिए हमेशा बलिदान देने को तत्पर रहते हैं, हमें देश के वीर जवानों पर गर्व है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक मनीष चौधरी, पंडित बृजबिहारी अत्री, सुरेंद्र मित्तल, बिट्टू सिखेड़ा, प्रवीण जैन, पंडित रामानुज दूबे, भूपेश त्यागी, राहुल पांडे, सतीश वर्मा, विशाल डाहरिया, गौरव सिंह आजाद, लक्की चौधरी, विशाल गोयल, प्रमोद अग्रवाल, मनीष चौधरी गोलू आदि मौजूद रहे।

# वहलना मंदिर समिति के महामंत्री पद के लिए मतदान संपन्न

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**



**मुजफ्फरनगर।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना की प्रबन्ध समिति के निर्वाचन के लिए पूर्व निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमानुसार महामंत्री पद के लिए सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मन्दिर प्रांगण में मतदान किया गया। सोमवार को निर्वाचन अधिकारी सुगंध जैन ने बताया कि 22 जुलाई 2021 को प्रबन्ध समिति के लिए 21 पदों के परिप्रेक्ष्य में 22 नामांकन प्राप्त हुए थे। जिसमें महामंत्री पद के लिए 2 प्रत्याशी राजकुमार जैन एवं राहुल कुमार जैन एडवोकेट ने नामांकन निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल किये थे। दोनों प्रत्याशियों के लिए महामंत्री पद के लिये सोमवार को मतदान किया गया। जिसमें आजीवन, मतदाता सदस्यों में कुल 246 सदस्यों में से कुल 181 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। क्षेत्र पर समुचित पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के अन्तर्गत कोविड -19 के दिशा - निर्देशो का पालन करते हुए मतदान का समस्त कार्यक्रम निर्वाचन अधिकारियों की देख-रेख में पूर्ण सर्तकता के साथ हुआ । इस दौरान मतदान प्रकिया शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई । निर्वाचन प्रक्रिया में अमित कुमार जैन, शिवप्रताप सिंह, जितेन्द्र कुमार व निखिल कुमार गर्ग ने सहयोग प्रदान किया। 27 जुलाई को मतगणना सुबह 10 बजे मतगणना पूर्ण होने तक जारी रहेगी । तत्पश्चात् वोटो की गिनती के उपरान्त महामंत्री के पद पर जीत हासिल करने वाले प्रत्याशी का नाम घोषित किया जायेगा ।

# तीन युवकों की यज्ञ के साथ हिंदू धर्म में वापसी कराई

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शुद्धिकरण अभियान में हिन्दू जागरण मंच ने दूसरे धर्म मे गए तीन युवकों की हिन्दू धर्म मे घर वापसी कराई। संभलहेडा प्राचीन शिव मंदिर में घर वापसी कार्यक्रम आयोजित किया गया हिंदू जागरण मंच मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पवार व जिला महामंत्री अंकुर राणा दिन प्रतिदिन हिंदू समाज की एकता के लिए काम कर रहे हैं। हिंदू जागरण मंच द्वारा आज संभल हेड़ा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर पर यज्ञ का आयोजन कर तीन युवकों की घर वापसी और उनका शुद्धिकरण कराया। अमित चरथावल निवासी जो 2014 में अपना धर्म बदलकर अब्दुल्ला बन गया था , छपार के गांव बड़ी वाला निवासी अरविंद जो 1 साल पहले अकबर बन गया था, रोशन लाल जिसे मानसिक टश्चर्चर करके लालच देकर रोशन अली बना दिया गया था। हिंदू जागरण मंच की टीम द्वारा तीनों भटके हुए युवकों का शुद्धिकरण करा कर घर वापसी कराई। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के महामंत्री जितेंद्र बैंस ने हिंदू समाज को संबोधित करते हुए कहा और भी अगर कोई भटका हुआ नौजवान अपना धर्म छोड़ कर गया है या कोई हिंदू धर्म अपनाना चाहता है तो हिंदू जागरण मंच उनका भी स्वागत और सम्मान करेगा। कार्यक्रम में योगेश आचार्य ने यज्ञ करा कर युवकों की कराई घर वापसी। इस शुभ अवसर पर धीर सिंह प्रधान, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पंवार , जिला महामंत्री अंकुर राणा, दीपा त्यागी बागेश वीरेंद्र त्यागी, अंजेश गुर्जर रंजीत शर्मा, अनुज शर्मा निखिल कुमार अनार सिंह ,बंटी, वैभव राजकुमार, दीपक धीमान अश्वनी उपाध्याय, कमलदीप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सजग रहा मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ एलआईयू कि टीम भी मोजूद रही।

# गंगा जीवन ही नहीं खेती के लिए भी वरदानः रामाशीष



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विविध क्षेत्र गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने हरिद्वार प्रवास के दौरान मुजफ्फरनगर जनपद में शिव चौक पर पूजा अर्चना करने के बाद तुलसी पार्क में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि दुनिया की 10: आबादी गंगा नदी के बेसिन में निवास करती है निर्मल गंगा - अविरल गंगा रहेगी तो लोगों के जनजीवन के लिए अच्छा रहेगा क्योंकि मां गंगा केवल भारतवर्ष में ही नहीं बहती है बल्कि तिब्बत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश आदि देशों में भी पूजनीय है और वहां की षि उपज के लिए वरदान हैं इस देश को मां गंगा का इतना बड़ा आशीर्वाद है कि जहां पूरी दुनिया में पानी की त्रासदी हैं वही भारतवर्ष में मां गंगा के कारण जलवायु, षि और लोगों के रहन-सहन को उन्नत बनाए हुए हैं हर किसी का प्रथम कर्तव्य है कि मां गंगा साफ रहे किनारे पर गंदगी ना हो मां गंगा की सहायक नदियां स्वच्छ हो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ लिया और गंगा स्वच्छता देश के लोगों का आंदोलन बने और प्रत्येक भारतवासी जिस प्रकार अपनी धरती मां को पूजनीय मानता है उसी प्रकार मां गंगा को भी पूजनीय माने इस बात पर बल दिया है संघ ने गंगा समग्र संगठन द्वारा मां गंगा को स्वच्छ रखने के लिए गंगा के प्रत्येक प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास पवार, संभल हेड़ा भाजपा मंडल प्रभारी और प्रजापति समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजीव संगम, भारत तिब्बत सहयोग मंच जिला अध्यक्ष आकाशदीप संगम, भूपेंद्र प्रजापति ,सोहनपाल प्रजापति, ब्रह्मपाल प्रजापति, गोल मार्केट के अध्यक्ष शिशुकांत गर्ग, सतीश अरोड़ा, महेंद्रनाथ, विनायक संगम, सि)ार्थ संगम, विजय ढींगरा, अनुराग संगम, संजय मलिक, राजेंद्र पुरुषार्थी, ज्ञानी गुरबचन सिंह आदि सैकड़ों महानुभाव उपस्थित रहे।

# जबरन फीस वसूली के विरोध में धरना दिया

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** क्रांति सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महासचिव मनोज सैनी व जिलाध्यक्ष डश्वक्टर योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पब्लिक स्कूलों व संघ द्वारा संचालित स्कूलों के प्रबंधन तंत्र द्वारा अभिभावकों से करोना कश्वल की जबरन फीस वसूली जाने को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर केशव पुरी में जोरदार प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। धरना प्रदर्शन में स्कूल प्रबंधकों के खिलाफ गरीब अभिभावकों का उत्पीड़न किए जाने के विरोध में जोरदार नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन दिया। क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि कोरोना महामारी के कारण राज्य ने गत वर्ष मार्च 2020 से सरकारी गैर सरकारी एवं तमाम संस्थाओं द्वारा संचालित स्कूल बंद थे स्कूल ही नहीं निजी संस्थानों में कार्य करने वाले निजी व्यवसाय करने वाले मध्यम वर्ग के लोगों के भी काम धंधे चौपट हो गए हैं नौकरी पेशा लोगों की नौकरी तक छूट गई है ऐसे में लोगों को पेट भरने की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है वहीं स्कूलों में पढ़ रहे उनके बच्चे भी घर बैठ गए हैं लेकिन स्कूलों के प्रबंधकों द्वारा स्कूल की फीस वसूलने को लेकर अभिभावकों के उत्पीड़न में कोई कमी नहीं आई है। सीबीएससी द्वारा संचालित बड़े स्कूल एवं संघ संचालित स्कूलों में तो बकायदा अभिभावकों को फीस जमा ने करने पर टी.सी एवं रिजल्ट तक नहीं दिए जा रहे हैं एवं बच्चों के अभिभावकों से दुर्व्यवहार भी प्रबंध तंत्र द्वारा किया जा रहा है क्रांति सेना के हंगामे को देखते हुए स्कूल प्रबंधक संजय अग्रवाल भी क्रांति सैनिकों के बीच में पहुंचे। क्रांति सैनिकों ने स्कूल प्रबंधक संजय अग्रवाल



व स्कूल के प्रधानाचार्य सहित जिला विद्यालय निरीक्षक को अपने बीच धरने पर बिठाए रखा एवं अभिभावकों एवं बच्चों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उपस्थित रहे सहारनपुर मंडल अध्यक्ष मुकेश त्यागी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शरद कपूर ,नगर अध्यक्ष लोकेश सैनी, नगर महासचिव देवेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनुज चौधरी, जिला सचिव आलोक अग्रवाल, संजय चौधरी, नगर उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, राजन वर्मा ,उज्जवल पंडित, नगर सचिव अमित कश्यप, सुनील सैनी ,मीडिया प्रभारी द्ध कामगार सेनाऋजश्वनी कश्यप, जिला महासचिव विकास गोयल, ग्राम प्रमुख रविंद्र सैनी , योगेंद्र बिहारी, आत्माराम सैनी, रितिक धीमान,अभिषेक, शैंकी शर्मा, जितेंद्र गोस्वामी, आकाश सैनी, हेम कुमार कश्यप ,राहुल कश्यप, सचिन कुमार, महिपाल सिंह, विशाल सिंगल, दीपक वर्मा, विपिन नरवाल, दीपांशु कश्यप, भंवर सिंह ,अनिल कुमार, राहुल तोमर, संजय पाल, मनोज शर्मा, मोहित त्यागी, शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे ।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।